# जिलों में पाइप लाइन से पीएनजी गैस मिलेगी

**सीएम आज सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पोर्टल का करेंगे शुभारंभ**

**जैसीनगर में सीएम अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम का भी करेंगे शुभारंभ**



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 24 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 सितम्बर को सागर जिले के जैसीनगर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पोर्टल और मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे.**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नीति-2025 लागू की गयी है. इस नीति के तहत राज्य के जिलों में पाईप लाईन बिछाकर उपभोक्ताओं को पीएनजी (पाईप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन प्रदाय किये जायेंगे. साथ ही वाहनों के लिए सीएनजी स्टेशन स्थापित किये जायेंगे, इससे घर-घर स्वच्छ और सस्ता ईंधन उपलब्ध होगा. राज्य सरकार का लक्ष्य निवेशकों को आकर्षित करना और मप्र को भारत के अग्रणी ग्रीन एनर्जी हब के रूप में स्थापित करना है.

मंत्री राजपूत ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के सार्वजनिक उचित मूल्य दुकानों से वितरित होने वाले राशन की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जायेगा. उपभोक्ताओं में आपका राशन-आपका अधिकार संबंधी जागरूकता के लिये शिविरों का आयोजन किया जायेगा. खाद्यान्न प्राप्त होते ही पंजीबद्ध उपभोक्ताओं को एसएमएस से राशन की मात्रा संबंधी जानकारी मिलेगी. उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न पहुंचने की जानकारी भी उपभोक्ताओं को एसएमएस के माध्यम से मिलेगी.

सिटी गैस ड्रिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के विकास के लिए सीएनजी स्टेशन संचालित करने के लिए एनओसी एवं पाईपलाईन बिछाये जाने हेतु अनुमति दिये जाने का प्रावधान है. इसी के लिए सिंगल विंडो पोर्टल का निर्माण किया गया है. जिला स्तर पर विभिन्न प्रकार की अनुमतियां देने के लिए कलेक्टर को सिंगल विंडो पोर्टल के लिये अधिकृत किया गया है. आवेदक संस्था द्वारा सिंगल विंडो पोर्टल पर जिला कलेक्टर को आवेदन कर, निर्धारित समय-सीमा में एनओसी/अनुमति प्राप्त की जा सकेगी. एनओसी अधिकतम समय-सीमा 60 दिन एवं अनुमति प्राप्त करने के लिये अधिकतम 77 दिवस निर्धारित की गई है.

### सीएम निवास से रवीन्द्र भवन तक निकलेगी रैली

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय स्वदेशी जागरण सप्ताह का रवीन्द्र भवन भोपाल में गुरुवार को शुभारंभ करेंगे. मुख्यमंत्री की उपस्थिति में मुख्यमंत्री निवास से प्रात: 9 बजे से रवीन्द्र भवन तक आज रैली निकाली जायेगी. रैली में मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के 300 प्रतिभागी सहभागिता करेंगे. महा-अभियान प्रदेश के 313 विकासखण्डों में 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा. स्वदेशी जागरण सप्ताह में स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार-प्रसार करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में स्वदेशी जागरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है.

# टाइगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा देने सुव्यवस्थित प्रयास आवश्यक



**रीवा, 24 सितंबर. मध्यप्रदेश के रीवा संभागायुक्त बी एस जामोद ने कहा है कि संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सुव्यवस्थित प्रयास आवश्यक हैं.**

रिजर्व में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रिसॉर्ट्स, चारपहिया वाहन जैसी पर्यटक सुविधाओं में विस्तार करें और निजी निवेशकों को भी प्रोत्साहित करें. यहाँ स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक में संभागायुक्त जामोद ने कहा कि संजय टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सुव्यवस्थित प्रयास किए जाए. पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रिसॉर्ट्स, चारपहिया वाहन जैसी पर्यटक सुविधाओं में विस्तार किया जाए. साथ ही प्रमुख रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और एयरपोर्ट पर होर्डिंग्स, सोशल मीडिया तथा गुणवत्तापूर्ण फोटो-वीडियो के माध्यम से टाइगर रिजर्व की विशेषताओं का प्रचार-प्रसार किया जाए.



# मध्यप्रदेश से शुरू दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी

**भोपाल, 24 सितम्बर. दक्षिण-पश्चिम मानसून की औपचारिक वापसी आज उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों से हो गई है. मौसम विभाग के अनुसार नीमच, श्योपुर, मुरैना और भिंड जिलों से मानसून की वापसी दर्ज की गई है.**

इसके साथ ही पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के शेष हिस्सों, गुजरात और राजस्थान के कुछ इलाकों तथा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ क्षेत्रों से भी मानसून पीछे हट चुका है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने बताया कि वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा 37.5ए उत्तर/73ए पूर्व से होकर गुजरते हुए रामपुर बुशहर, हरिद्वार, मुरादाबाद, इटावा, बांसवाड़ा, वल्लभ विद्यानगर, वेरावल और 20.5ए उत्तर/69ए पूर्व तक फैली है. अगले दो से तीन दिनों में गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के शेष हिस्सों से भी मानसून के लौटने की परिस्थितियाँ अनुकूल बनी हुई हैं. उत्तरी ओडिशा, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और गंगीय पश्चिम बंगाल के आसपास एक निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय है. इससे जुड़ा चक्रवातीय परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किलोमीटर की ऊँचाई तक प्रभावी है और यह दक्षिण-पश्चिम की ओर झुक रहा है.

### ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय

मध्य महाराष्ट्र और उसके आसपास के भागों में भी ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है, जिसकी ऊँचाई समुद्र तल से 1.5 से 4.5 किलोमीटर के बीच दर्ज की गई है. मध्यप्रदेश के कई जिलों—भोपाल, विदिशा, रायसेन, सिहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां समेत सिंगरौली, रीवा, सतना, शहडोल, सीधी, डिंडोरी, जबलपुर और छिंदवाड़ा तक—इसका असर देखने को मिल रहा है.

# महामृत्युंजय द्वार को किया बायपास, सिक्सलेन पहुंचा नानाखेड़ा के पास

- सुखद खबर उज्जैन के हिस्से पर सिक्स लेन वाइडक निर्माण चालू
- सिक्स लेन सड़क निर्माण ने पकड़ी रफ्तार
- सिंहस्थ 2028 को लेकर बढ़ी उम्मीदें



नवभारत न्यूज

**उज्जैन. सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर सुखद खबर यह है कि इंदौर से उज्जैन तक बनने वाले सिक्स लेन का वाइडक कार्य उज्जैन में प्रारंभ हो गया है, महामृत्युंजय द्वार को बाईपास करते हुए सिक्सलेन सड़क नानाखेड़ा होते हुए स्टेडियम की ओर टर्न करेगी.**

महाकाल की नगरी उज्जैन आने वाले वर्षों में और अधिक सुगम व आधुनिक यातायात व्यवस्था से जुड़ने जा रही है. इंदौर-उज्जैन के बीच बनने वाली सिक्स लेन सड़क का काम अब तेजी से आगे बढ़ रहा है और निर्माण कार्य उज्जैन शहर की सीमा तक पहुँच चुका है. महामृत्युंजय द्वार के पास मशीनें लगातार कार्यरत हैं और सड़क का चौड़ीकरण नज़र आने लगा है.

**राष्ट्रपति ने किया था भूमि पूजन**- इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमि पूजन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों संपन्न हुआ था. इसके बाद से इंदौर के सुपर कॉरिडोर से शुरू होकर उज्जैन तक लगभग 46 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर निर्माण की गूंज सुनाई दे रही है.

**1600 करोड़ से अधिक की लागत**-इस परियोजना पर करीब 1600 से 1700 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है. सड़क का डिजाइन ऐसा रखा गया है कि भविष्य की यातायात आवश्यकताओं को भी आसानी से समायोजित किया जा सके. पूरी सड़क की चौड़ाई 45 मीटर तक रहेगी, जिसमें केंद्रीय डिवाइडर और दोनों ओर सर्विस लेन शामिल होंगी.

**फ्लायओवर, अंडरपास और आधुनिक सुविधाएँ**- परियोजना में तीन फ्लायओवर, छह अंडरपास और आठ बड़े जंक्शन बनाए जाने हैं ताकि ग्रामीण अंचलों और आसपास के कस्बों का संपर्क भी बना रहे. साथ ही सड़क पर आधुनिक साइन बोर्ड, हाई मास्ट लाइटिंग और सुरक्षित पैदल पारपथ की भी व्यवस्था की जाएगी.

**आम जनता को टोल में राहत**- निर्माण कार्य के चलते वर्तमान में राहगीरों को टोल टैक्स देना पड़ता है, सरकार ने आमजन की सुविधा को देखते हुए टोल दरों में 70 प्रतिशत तक कटौती का निर्णय लिया है. इससे इंदौर-उज्जैन के बीच रोजाना आनेङ्कजाने वालों को राहत मिलेगी.

**पर्यावरण संतुलन का भी ध्यान**- सड़क चौड़ीकरण के दौरान लगभग तीन हजार पेड़ों को हटाने या स्थानांतरित करने की आवश्यकता बताई गई है. निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि पेड़ों की कटाई के साथ-साथ नए पौधारोपण भी किए जाएं, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहे.

**स्थानीय रोजगार और विकास की उम्मीद**-इस निर्माण कार्य से स्थानीय स्तर पर सैकड़ों लोगों को रोजगार मिला है. साथ ही आसपास के क्षेत्रों में व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिल रही है. विशेषज्ञों का मानना है कि सड़क तैयार होने के बाद इंदौरङ्कउज्जैन के बीच की दूरी का सफर 45-50 मिनट में तय किया जा सकेगा.

### सिंहस्थ 2028 पर रहेगा फोकस-

प्रदेश सरकार इस परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए विशेष दबाव बनाए हुए है. वर्ष 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन होना है. लाखों-करोड़ों श्रद्धालु देश-विदेश से उज्जैन पहुँचेंगे. ऐसे में इंदौर से उज्जैन का यह सिक्स लेन मार्ग तीर्थयात्रियों के लिए वरदान साबित होगा. अधिकारियों के अनुसार निर्धारित समयसीमा दिसंबर 2026 से लेकर 2027 के बीच की है, ताकि महाकुंभ से पहले सभी कार्य पूर्ण हो जाएं.

### इनका कहना

इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन सड़क न केवल दोनों शहरों को और मजबूती से जोड़ेगी, बल्कि प्रदेश की धार्मिक और आर्थिक राजधानी को आधुनिक यातायात सुविधा भी प्रदान करेगी। महामृत्युंजय द्वार से गुजरते समय अब हर किसी को यह एहसास हो रहा है कि उज्जैन तेज़ी से बदल रहा है और सिंहस्थ 2028 तक महाकाल की नगरी का रूप और अधिक भव्य होने वाला है.

**-रोशन सिंह, कलेक्टर**


**सोलापूर महानगरपालिका, सोलापूर**
इंद्रभुवन' आंबेडकर चौक, रेल्वे लाईन्स, सोलापूर ४१३००१
अतिरिक्त आयुक्त - १ यांचे कार्यालय

जा.क्र.अति.आयुक्त-१/वै/२४७ दि. २४/०९/२०२५

**जाहीर टेंडर नोटिस**
सोलापूर महानगरपालिका

घनकचरा व्यवस्थापन विभागा कडील सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालये प्रेशरने धुणे कामी नवीन ४ पाणी टँकर खरेदी करणेकरिता निविदा प्रसिद्ध करण्यात आलेली आहे.

१) 2025_SMC_1221532_1

सदर कामाचा तपशील http://www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर दि. २४/०९/२०२५ पासून पाहण्यास उपलब्ध आहे.

सही/-
(वीणा पवार)
अति. आयुक्त-१
सोलापूर महानगरपालिका


# बड़वानी में दो बच्चों का शिकार करने वाली मादा तेंदुआ पकड़ाई

- जंगल में पिंजरे में फंसा कर किया रेस्क्यू
- इंदौर वन विभाग की टीम ने की कार्रवाई



नवभारत न्यूज

इंदौर. शहर से करीब 200 किलोमीटर दूर बड़वानी के जंगलों में इंदौर वन विभाग की रालामंडल रेस्क्यू टीम ने खतरनाक मादा तेंदुए को पकड़ने में सफलता हासिल की है. यह वही तेंदुआ है जिसने दो मासूम बच्चों को मारकर खा लिया और एक महिला को गंभीर रूप से घायल किया था.एसडीओ रालामंडल योहान कटारा ने बताया कि तेंदुए की उम्र लगभग 6 साल है और पिछले महीने से यह गांववासियों के लिए बड़ी समस्या बन गई थी. ग्रामीणों ने कई बार इसके साथ दो शावक तेंदुओं को भी जंगलों में घूमते देखा. इसे पकड़ने के लिए रालामंडल रेस्क्यू टीम ने करीब एक माह का समय लगाया और कई प्रयासों के बाद चार-पाँच पिंजरे लगाए. रेस्क्यू ऑपरेशन में मक्का के खेत और घने जंगलों के कारण टीम को कई बाधाओं का सामना करना पड़ा. इस दौरान उज्जैन, खंडवा और होशंगाबाद से रेस्क्यू स्पेशलिस्ट टीम और टाइगर स्ट्राइक फोर्स के डॉग स्क्वाड को बुलाया.


**इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी**
ता. हातकणंगले जि. कोल्हापूर

**जाहिर फेर ई-निविदा सूचना क्र. १३/२०२५-२०२६**
**प्रथम मुदतवाढ**

पाणी पुरवठा विभागाकडील महानगरपालिका हद्दीमध्ये हरीतपट्टा तयार करणे व अपारंपारिक तंत्राचा वापर करुन विज निर्मीती करणे व इतर अनुषंगिक कामे करणेच्या कामांची जाहीर ई-निविदा क्रं. १३/२०२५-२६ www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. १६/०९/२०२५ रोजी स. ११.०० वाजले पासून ते दि. २४/०९/२०२५ दुपारी १.०० वाजेपर्यंत अशी प्रसिध्द करणेत आली होती. तथापि या निविदेमधील अनु क्रं. १ च्या कामांस अत्यल्प निविदाकारानी निविदा सादर केलेने सदर ई-निविदा सादर करण्याचा अंतिम दि. २५/०९/२०२५ सायं. ५.०० वाजेपर्यंत अशी मुदतवाढ देणेत येत आहे.

शक्य झालेस निविदा दिनांक २६/०९/२०२५ दु. १.०० वाजता उपस्थित मक्तेदारांच्या समोर ऑनलाईन पध्दतीने उघडणेत येतील. सविस्तर जाहिरात www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

सही/-
अति. आयुक्त
इचलकरंजी महानगरपालिका


# एनएचएआई इंदौर बायपास पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का कार्य शीघ्र करें पूर्ण

- एनएचएआई के अधिकारियों के साथ की बैठक



**इंदौर. जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इंदौर बायपास पर निर्माणाधीन अर्जुन बरोदा, झलारिया और कनाडिया फ्लाई ओवर का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए. साथ ही रोड चौड़ीकरण, सर्विस रोड दुरुस्ती और बंद लाइट चालू करने का कार्य भी प्राथमिकता के साथ किया जाए, जिससे यातायात सुचारू हो और ट्रैफिक जाम की समस्या समाप्त हो.**

मंत्री सिलावट ने बुधवार को मंत्रालय में एनएचएआई और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में एनएचएआई के रीजनल ऑफिसर एसके सिंह, एमपीआरडीसी के चीफ इंजीनियर राकेश जैन, प्रमुख अभियंता जल संसाधन विनोद कुमार देवड़ा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे. मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि लक्षित कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। मंत्री श्री सिलावट ने इन कार्यों के लिए अधिकारियों की सहमति से समय-सीमा भी निर्धारित की. एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित समय सीमा के अनुसार 15 जनवरी 2026 तक अर्जुन बरोदा का फ्लाई ओवर और 30 जनवरी 2026 तक झलारिया का फ्लाई ओवर पूर्ण होकर प्रारंभ हो जाएगा. इसी प्रकार 31 मार्च 2026 तक कनाडिया (एमआर 10) का फ्लाई ओवर, दीपावली के पहले फ्लाई ओवर के दोनों तरफ की सर्विस रोड की मरम्मत और डामरीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा.

### यातायात बाधित न हो

मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि इन मार्गों पर यातायात बाधित न हो इसके लिए एनएचएआई स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय कर व्यवस्था सुनिश्चित करें.

## महिला से दुष्कर्म करने वाले ठेकेदार को 10 साल की सजा

धार, 24 सितंबर. मध्यप्रदेश के औद्योगिक नगरी पीथमपुर में घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी ठेकेदार पप्पुलाल निवासी डाकबंगला को धार जिला अदालत ने दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है.

अभियोजन के अनुसार घटना 10 फरवरी 2022 की सुबह की है. पीड़िता घर में निर्माण सामग्री किराये पर देने का कार्य करती थी. आरोपी पप्पुलाल सामग्री लेने के बहाने उसके घर आया और सामान रखवाने के बाद पानी मांगने के बहाने भीतर चला गया. वहां उसने पीड़िता की पुत्री को चाय लाने के लिए कहकर अंदर का दरवाजा बंद कर दिया और महिला का गला दबाकर जमीन पर पटककर दुष्कर्म किया. विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी. पीड़िता ने घटना की जानकारी अपनी पुत्री और बहू को दी तथा बाद में पीथमपुर सेक्टर-1 थाने में प्रकरण दर्ज कराया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मेडिकल और डीएनए जांच कराई तथा अनुसंधान उपरांत मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया. शासन की ओर से पैरवी करने वाले अतिरिक्त लोक अभियोजक शरद कुमार पुरोहित ने नौ साक्षियों के बयान और 26 दस्तावेज न्यायालय के समक्ष पेश किए.


सत्यमेव जयते

**दूरसंचार विभाग**
**संचार मंत्रालय**
**भारत सरकार**

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय दूरसंचार उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 आवेदन हेतु आमंत्रण**

दूरसंचार विभाग (संचार मंत्रालय, भारत सरकार) भारत के नागरिकों और भारत में पंजीकृत संगठनों/संस्थानों या केंद्र/राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों द्वारा बनाए गए संगठनों / संस्थानों से कृषि, वाणिज्य, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए दूरसंचार पर निर्भर क्षेत्रीय समाधानों को तैनात करने में दूरसंचार नवाचार, दूरसंचार कौशल, दूरसंचार सेवाएं, दूरसंचार विनिर्माण, या दूरसंचार अनुप्रयोगों के क्षेत्र/क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय और असाधारण योगदान के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय दूरसंचार उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। ग्रामीण/दूरस्थ क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में किए गए कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

2. प्रत्येक पुरस्कार स्वरूप एक शॉल, प्रशस्ति पत्र / पट्टिका और दो लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी। पुरस्कार समिति द्वारा उपयुक्त उम्मीदवार / उम्मीदवारों के चयन के अंतर्गत, अधिकतम पाँच पुरस्कार दिए जाएँगे।

3. पुरस्कार विजेताओं को उनके निवास स्थान से पुरस्कार समारोह स्थल तक आने-जाने के लिए हवाई यात्रा का किराया दिया जाएगा और आकस्मिक व्यय के लिए 7500 रुपये की एकमुश्त राशि भी दी जाएगी।

4. आवेदन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल यथा https://www.awards.gov.in पर ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025 को 23:59 बजे तक है।

5. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.awards.gov.in पर 'विनियम' का अवलोकन देखें अवलोकन करें।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
निदेशक (एसडी),दूरसंचार विभाग, कक्ष संख्या 201, दूसरा तल, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, ओल्ड मिंटो रोड, नई दिल्ली-110002,
मोबाइलः 9414001442, ईमेलः dirsde-dot@gov.in

CBC06201/11/0001/2526


**वॉश ऑन व्हील्स** स्वच्छता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि प्राप्त कर प्रदेश का नाम किया रोशन

# स्वच्छता के लिए छिंदवाड़ा को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार




प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 24 सितंबर. छिंदवाड़ा जिले ने स्वच्छता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि प्राप्त कर प्रदेश का नाम राय पटल पर रोशन किया है.**

जिला पंचायत छिंदवाड़ा को अभिनव ''वॉश ऑन व्हील्स'' नवाचार के लिए प्रतिष्ठित इंडिया सेनीटेशन कोएलिशन फिक्की राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 से नवाजा गया है. इसे सतत रखरखाव एवं सामुदायिक प्रबंधन श्रेणी में प्रदान किया गया, जिसके साथ ढाई लाख रुपये की नकद राशि भी प्राप्त हुई. नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में छिंदवाड़ा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त किया. छिंदवाड़ा देश का पहला जिला स्तरीय संगठन बन गया है, जिसे इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया. छिन्दवाडा वॉश ऑन व्हील्स को राष्ट्रीय स्तर पर लगातार प्रशंसा मिल रही है. भोपाल में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस नवाचार की सराहना की थी. इसके अलावा, यह मॉडल राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित पत्रिका अकॉलैड्स में भी स्थान पा चुका है जो मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है.

**वॉश ऑन व्हील्स:** स्वच्छता का अनूठा मॉडल वॉश ऑन व्हील्स नवाचार ने ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों की सफाई और रखरखाव की चुनौती का अभिनव समाधान प्रस्तुत किया है. मोबाइल इकाइयों के माध्यम से गांव-गांव जाकर शौचालयों की नियमित सफाई और रखरखाव सुनिश्चित किया जा रहा है. इस पहल ने न केवल स्वच्छता को स्थायी बनाया, बल्कि सामुदायिक सहभागिता की मिसाल भी कायम की. इस नवाचार की प्रस्तुति 11 जून 2025 को सीईओ जिला पंचायत कुमार ने फिक्की की कार्यकारी निर्णायक समिति के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दी थी, जिसे सर्वसम्मति से सराहा गया. आर्थिक और सामाजिक प्रभाव की इस पहल से संलग्न 45 स्वच्छता साथियों ने अब तक 40 हजार शौचालय इकाइयों की सफाई कर लगभग 40 लाख रुपये की आय अर्जित की है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60